–: वाद पत्र अन्तर्गत धारा 136 एलआरएक्ट राजस्व रिकार्ड दुरूस्ती बाबत :–

–:: उपस्थित अभिभाषकगण ::–

1. श्री जसपाल सिंह दहिया — प्रार्थी
2. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार पीलीबंगा — अप्रार्थी

–:: निर्णय :–

दिनांकः– 22/5/26

अधिवक्ता प्रार्थी श्री जसपाल सिंह दहिया द्वारा वादी की ओर से अन्तर्गत धारा 136 एलआरएक्ट तहत प्रस्तुत किया गया है जिसके संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार है कि–यह कि वाके तहसील पीलीबंगा चक 8 बी एल डब्ल्यू की मुताबिक जमाबन्दी सम्वत् 2076 से 2079 से चालू के खाता सं. 59/54 का प.न. 48/242 मु.न. 37 कि. न. 1/1 ता 5/2, 6 ता 25 व 49/242 मु.न. 36 कि.न. 1/1 ता 5/2, 6 ता 15, 16/1, 16/2, 17 ता 25 की कुल 12.6500 है. नहरी मय गै. मु. खाला खातेदारी कृषि भूमि में से प्रार्थी के नाम 1/24 हिस्सा दर्ज राजस्व रिकॉर्ड खातेदारी है जिसके खाता में प्रार्थी का पता व नाम राजू पुत्र आदूराम जाति मेघवाल साकिन मघेवाला तहसील पदमपुर दर्ज है जबकि प्रार्थी का सही पता व नाम राजाराम पुत्र आदुराम जाति मेघवाल साकिन 51 एल एन पी (मघेवाला) तहसील पदमपुर जिला श्रीगंगागनर राजस्थान है। जिसे प्रार्थी राजस्व रिकॉर्ड जमाबन्दी चालू में दर्ज करवाना चाहता है। अवलोकनार्थ सत्य प्रतिजमाबन्दी पेश है। 3. यह कि प्रार्थना पत्र की दफा 1 में वर्णित अनुसार प्रार्थी के नाम दर्ज राजस्व रिकॉर्ड कृषि भूमि प्रार्थी के कब्जा काश्त में चली आ रही है उक्त कृषि भूमि के खाता में प्रार्थी अपना पता व नाम राजू पुत्र आदूराम जाति मेघवाल साकिन मघेवाला तहसील पदमपुर के स्थान पर राजाराम पुत्र आदुराम जाति मेघवाल साकिन 51 एल एन पी (मघेवाला) तहसील पदमपुर जिला श्रीगंगागनर राजस्थान दर्ज करवाना चाहता है। प्रार्थी को उक्त कृषि भूमि पर बैंक से के सी सी बनवाने एंव प्रार्थी को कृषि भूमि पर मिलने वाली सुविधा उक्त अनुसार प्रार्थी का नाम राजस्व रिकॉर्ड में दुरूस्त होने के अभाव में परेशानी हो रही है जिससे प्रार्थी का नाम उक्त कृषि भूमि के खातों में दुरूस्त किया जाना आवश्यक है। अवलोकनार्थ प्रार्थी का आधारकार्ड व जन आधारकार्ड व राशनकार्ड व ड्राईविन्ग लाईसेन्स, पैन कार्ड, व मतदाता पहचान पत्र की चित्र प्रतियां सलग्न है। जिनमें प्रार्थी का नाम राजाराम पुत्र आदूराम सही अंकित है।

सहायक कलक्टर एव
उपखण्ड अधिकारी पीलीबंगा

यह कि तहसीलदार राजस्व पीलीबंगा को भू-धारक होने से प्रार्थना पत्र में पक्षकार बनाया गया है ताकि प्रार्थना पत्र में नुक्श ना रहे। अतः उपरोक्त अनुसार प्रार्थना पत्र मय शपथ पत्र पेश कर निवेदन है कि प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर निम्न प्रकार से दुरूस्ति की जावे। यह कि वाके तहसील पीलीबंगा चक 8 बी एल डब्ल्यू की मुताबिक जमाबन्दी सम्वत् 2076 से 2079 से चालू के खाता सं. 59/54 का प.न. 48/242 मु.न. 37 कि. न. 1/1 ता 5/2, 6 ता 25 व 49/242 मु.न. 36 कि.न. 1/1 ता 5/2, 6 ता 15, 16/1, 16/2, 17 ता 25 की कुल 12.6500 है. नहरी मय गै. मु. खाला खातेदारी कृषि भूमि में से प्रार्थी के नाम 1/24 हिस्सा दर्ज राजस्व रिकॉर्ड खातेदारी है जिसके खाता में प्रार्थी का पता व नाम राजू पुत्र आदूराम जाति मेघवाल साकिन मघेवाला तहसील पदमपुर दर्ज है जिसके स्थान पर प्रार्थी का पता व नाम राजाराम पुत्र आदुराम जाति मेघवाल साकिन 51 एल एन पी (मघेवाला) तहसील पदमपुर जिला श्रीगंगागनर राजस्थान है। राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज करने की दुरूस्ति की जावे। श्रीमान जी की अति कृपा होगी।

प्रकरण में तहसीलदार पीलीबंगा के पत्रांक 177 दिनांक 06.04.26 से रिपोर्ट प्राप्त की गई। मुताबिक रिपोर्ट तहसीलदार चक 8 बीएलडब्ल्यू प.न. 49/242 मु.न. 36 एवं प.न. 48/242 मु.न. 37 कुल 12.65 है. नहरी मय गै.मु. खाला में दूदाराम पुत्र हरूराम हिस्सा 1/6 जाति मेघवाल सा. भागीबन्दर खातेदार दर्ज है। न्यायालय उपखण्ड अधिकारी पेदन सहायक कलक्टर पीलीबंगा मं वाद संख्या 315/2021 में प्रार्थी का नाम राजू नाम से निर्णय पारित किया गया है जिसमें राजाराम नाम से हस्ताक्षर किया गये है।

आदेश

बहस उभय पक्ष सुनी गई। बहस पर मनन किया गया पत्रावली का अवलोकन किया गया। तहसीलदार पीलीबंगा एवं प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर प्रार्थना पत्र प्रार्थी स्वीकार किया जाकर प्रार्थी का नाम चक 8 बी एल डब्ल्यू की मुताबिक जमाबन्दी सम्वत् 2076 से 2079 से चालू के खाता सं. 59/54 का प.न. 48/242 मु.न. 37 कि. न. 1/1 ता 5/2, 6 ता 25 व 49/242 मु.न. 36 कि.न. 1/1 ता 5/2, 6 ता 15, 16/1, 16/2, 17 ता 25 की कुल 12.6500 है. नहरी मय गै. मु. खाला खातेदारी कृषि भूमि में से प्रार्थी के नाम 1/24 हिस्सा दर्ज राजस्व रिकॉर्ड खातेदारी राजू पुत्र आदूराम के स्थान पर राजाराम पुत्र आदुराम किया जाने के आदेश पारित किये जाते है।

पत्रावली नम्बर से कम की जाकर बाद तरतीब तकमील जाब्ता दाखिल दफतर हो। यह आदेश आज दिनांक 22/5/26 सरे ईजलास पढ़कर सुनाया गया।

न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी पीलीबंगा (हनुमानगढ़)

(उमा मित्तल आर.ए.एस.)
उपखण्ड अधिकारी एवम्
पदेन सहायक कलक्टर
पीलीबंगा

सहायक कलक्टर एवं
उपखण्ड अधिकारी पीलीबंगा